**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## जंकयार्ड वार्स प्रतियोगिता सम्पन्न

पंतनगर 12 दिसम्बर 2022। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के गोल्डन जुबली समारोह के अन्तर्गत आयोजित 'जंकयार्ड वार्स' प्रतियोगिता जोकि यांत्रिक अभियत्रंण विभाग एवं प्रौद्योगिकी व उत्पादन अभियंत्रण विभाग की ओर से आयोजित की गई थी का समापन किया गया। प्रतियोगिता में 15 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें छात्रों ने अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी मॉडल बनाये। मूल्यांकन समिति में डा. राकेश सक्सेना, डा. रवि सक्सेना, ई. विनय पाण्डे को मनोनीत किया गया था। समिति द्वारा छात्रों के विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया गया एवं उनकी उपयोगिता के सम्बंध में विभिन्न प्रश्न भी पूछे। इस प्रतियोगिता में युवराज सिंह चौहान, अनंत देव, सानिया अंसारी एवं पायल द्वारा बनाये गये 'जल निस्पंदन एवं सिंचाई मॉडल को प्रथम पुरस्कार दिया गया। समापन के समय निर्णायकों के साथ यांत्रिक अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्ष, डा. लोकेश वार्ष्णेय, मैकेनिकल चैप्टर एवं जेनेसिस के स्टॉफ काउसलर, डा. सुशील सिंह भण्डारी व डा. योगेन्द्र कुमार, उत्पादन विभाग के प्राध्यापक डा. मनीष तिवारी, डा. अरूण चौधरी, छात्र अध्यक्ष अजय नेगी, हर्ष सहगल, सौरभ मेहरा आदि छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की अधिष्ठाता, डा. अलकनंदा अशोक द्वारा आयोजित कराई गई प्रतिस्पर्धा की प्रशंसा की गई।

**निदेशक संचार**